महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

दूरभाष/Phone: 0151-2212044 फैक्स/Fax: 2212042 ईमेल/E-mail: mgsubikaner@gmail.com

क्रमांक : प.02 ( ) मगसिंविवी/परीक्षा/गोपनीय/2024/19285 दिनांक 09/01/2024

1. **विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक विभाग,** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
2. **प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

विषय :– **स्नातक कला/विज्ञान/वाणिज्य/ऑनर्स/बी.सी.ए./बी.बी.ए./बी.एस.सी (होम साइंस)/बी.एफ.ए. के प्रथम सैमेस्टर (दिसम्बर–2023) की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करवाने एवं आंतरिक मुल्यांकन के सम्बंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा **स्नातक कला/विज्ञान/वाणिज्य/ऑनर्स/बी.सी.ए./बी.बी.ए./बी.एस.सी (होम साइंस)/बी.एफ.ए. के प्रथम सैमेस्टर (दिसम्बर–2023) की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 15.01.2024 से 27.01.2024** के मध्य आयोजित की जानी है। आपके महाविद्यालय के विषय से संबंधित विशेषज्ञ को प्राचार्य द्वारा परीक्षक नियुक्त कर उक्त परीक्षा का आयोजन करवाया जाना हैं। संबंधित विषय की प्रायोगिक परीक्षा के लिए **विश्वविद्यालय की प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका का उपयोग कर प्रायोगिक** परीक्षा सम्पन्न करवायी जानी हैं।

प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन में निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखें :–

- विश्वविद्यालय द्वारा बाहय परीक्षक नियुक्त नहीं किया जाएगा।
- महाविद्यालय में पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा उपर्युक्त निर्धारित अवधि में ही आयोजित करावें। विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना निर्धारित अवधि के पश्चात् महाविद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा मान्य नहीं होगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों की अंक सूची प्रिंट कर एक प्रति विश्वविद्यालय (University Copy) में भिजवाए तथा एक प्रति महाविद्यालय (Principal Copy) में सुरक्षित रखें।
- प्रायोगिक परीक्षा की प्रत्येक अंक सूची पर प्राचार्य द्वारा नियुक्त परीक्षक के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
- प्रायोगिक परीक्षा हेतु जिन परीक्षार्थियों के रोल नं. जारी नहीं हुए हैं, ऐसे परीक्षार्थियों (Additional/New Student/Batch Transfer Candidate) के उपलब्ध विवरण को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर में इंद्राज करते हुए (यथा रोल नं., पिता का नाम, फॉर्म नं.) पात्र पाए जाने पर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन पत्र की जॉच के दौरान परीक्षार्थी के अपात्र पाए जाने की स्थिति में उसकी प्रायोगिक परीक्षा निरस्त कर दी जावेगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की निर्धारित अवधि उपरान्त अलग से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित नहीं करावें।
- आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि भी ऑनलाईन ही की जानी है। इस हेतु महाविद्यालय पोर्टल पर बैच उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। **दिनांक 27.01.2024 के पश्चात् आंतरिक मूल्यांकन के अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगें।**
- प्रायोगिक परीक्षा ऑनलाईन करवाने के सम्बंध में किसी प्रकार की कोई तकनीकी कठिनाई आने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बर (9460713090 7230068203) से सम्पर्क करें। समाधान न होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क किया जा सकता है।

9/1/24

(प्रो. राजाराम चोयल)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक: प 02 ( ) मगसिंविवी/गोपनीय/2024/ दिनांक :

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. निजी सचिव, कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
02. निजी सहायक, कुलसचिव, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
03. वरिष्ठ निजी सहायक–वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
04. उप कुलसचिव (शैक्षणिक), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
05. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
06. आहरण एवं वितरण अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
07. तकनीकी फर्म को प्रेषित कर लेख है कि प्रायोगिक परीक्षा हेतु उपरोक्तानुसार व्यवस्था सुनिश्चित करावें।

(रजत भटनागर)
सहा. कुलसचिव (गोप.)